राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

## राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को 'ईद–उल–फितर' की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

**राजभवन देहरादून 30 मार्च, 2025**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'ईद–उल–फितर' के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर मुस्लिम समुदाय को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस पावन पर्व की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि 'ईद–उल–फितर' प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का प्रतीक है, जो समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करता है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में विभिन्न धर्मों और समुदायों द्वारा मनाए जाने वाले त्योहार हमें आपस में एकजुट होकर, एक–दूसरे की खुशियों में सहभागी बनने का अवसर प्रदान करने के साथ ही समाज में आपसी विश्वास और सहयोग की भावना को प्रबल करते हैं।

राज्यपाल ने सभी प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि हम सभी मिलकर इस पर्व को हर्ष, उल्लास और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं।

..........0..........